# पीएम आवास के 79 हजार हितग्राहियों के खाते में 627 करोड़ रुपए ट्रांसफर

## 2024 तक सभी गरीबों को पक्की छत देने का टारगेट : शिवराज

पीपुल्स ब्यूरो ● भोपाल
मो.नं. 9425174141



मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान कहा कि प्रदेश में धोखेबाज बिल्डरों से सरकार सख्ती से निपटगी। अवैध कॉलोनी बनाकर बिल्डर चले गए। हमारे जिस भाई बहन ने पूरी जिंदगी की कमाई उमसें लगा दी, उसकी क्या गलती है। ऐसी सभी कॉलोनियां वैध की जाएंगी। सीएम ने 363 निकायों में पीएम आवास योजना के तहत 1 लाख 29 हजार 292 हितग्राहियों के खातों में 627.31 करोड़ की राशि ट्रांसफर की। उन्होंने 50 हजार आवासों का भूमिपूजन भी किया।

### रुक जाना नहीं से प्रेरणा लेता हूं

सीएम ने कहा कि मैं जब भी परेशानी में होता हूं तो किशोर कुमार के गीत 'रुक जाना नहीं तू कहीं हारकर' से प्रेरणा लेता हूं। अब यहां के रविन्द्र भवन का नाम किशोर दा के नाम पर रखा जाएगा।

### योजना के तहत यह दी सौगात

**योजना:** प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी)

**लाभ मिला:** 1,29292 हितग्राही

**सहायता राशि:** 79,039 हितग्राही

**खाते में ट्रांसफर:** 627 करोड़

---

**मुख्यमंत्री ने पीएमएवाय में 1.29 लाख से अधिक हितग्राहियों को किया लाभान्वित**

# वर्ष 2024 तक प्रत्येक गरीब को पक्की छत देने का लक्ष्य- शिवराज

खंडवा ● स्वदेश समाचार

मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि वर्ष 2024 तक सभी गरीबों को पक्की छत के साथ अपना आवास मिल जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकास तभी सार्थक होगा, जब इसमें गरीबों की पूरी सहभागिता होगी।

मुख्यमंत्री श्री चौहान आज खंडवा में राज्य स्तरीय प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के हितग्राहियों को नवीन आवास की सौगात, नए स्वीकृत आवासों का भूमिपूजन और आवास निर्माण के लिए किस्त भुगतान के कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में प्रदेश के एक लाख 29 हजार 292 हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। इसमें 79 हजार 39 हितग्राहियों को 627 करोड़ की सहायता राशि उनके खाते में अंतरित की गई। योजना के 50 हजार 253 हितग्राहियों के आवास निर्माण के लिए भूमिपूजन भी किया गया।





**हितग्राहियों को आवास की चाबी सौंपी-** मुख्यमंत्री श्री चौहान ने प्रधानमंत्री आवास योजना में खंडवा जिले के 5 हितग्राहियों को आवास की चाबी सौंपी। शुरुआत में कन्या-पूजन किया। कार्यक्रम में माँ नर्मदा की स्तुति पर आधारित नर्मदा अष्टक सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत किया गया।

**शहरों के विकास में लगाए जाएंगे 44 हजार करोड़ -** प्रदेश के शहरों में सभी बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित होंगी। आने वाले समय में 44 हजार करोड़ रुपए शहरों के विकास में लगाये जाएंगे। शहरों में जो अवैध कॉलोनियां बन गई हैं, उन्हें वैध किया जाएगा।

इस समावेशी विकास में शहरी गरीबों को पूरा लाभ मिले। मध्यप्रदेश सरकार की कोशिश है कि विकास की डगर में पीछे छूट गए शहरी गरीबों को रोटी, कपड़ा और मकान की मूलभूत सुविधाएं मिले। अन्न उत्सव में निःशुल्क अनाज बाँटा गया और आज एक लाख 29 हजार 292 शहरी हितग्राहियों को पक्की छत वाले मकान की सुविधा मिलने जा रही है। इनमें से कुछ का आज गृह प्रवेश, कुछ का भूमिपूजन और कुछ को उनके खाते में योजना की किस्त मिल रही है। वनमंत्री डॉ. विजय शाह, संस्कृति एवं खंडवा जिले की प्रभारी मंत्री सुश्री उषा ठाकुर, विधायक देवेंद्र वर्मा, नारायण पटेल

(10)

शहर की मुख्य सड़कों पर गड्ढे भरने पर नहीं दिया जा रहा ध्यान

# शहर की बदहाल सड़कें दे रही दर्द

पत्रिका इंडेप्थ स्टोरी



पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com 23-8-21

रतलाम. बारिश के बाद शहर की सड़कें बदहाल हो चुकी है। ऐसे में जिन लोगों पर यह गड्ढे भरने की जिम्मेदारी है, वह भी सिर्फ खानापूर्ति करते ही नजर आ रहे हैं। नगर निगम का ध्यान फिलहाल शहर के मुख्य मार्गों पर ही है इसके अतिरिक्त कई इलाके ऐसे हैं, जहां अब तक गड्ढे भरने के लिए चुरी और मुरम नहीं पहुंची है। ऐसे में इन इलाकों के लोग गड्ढों से परेशान हो रहे है।

शहर के गड्ढों से दर्द झेल रहे लोगों को जिम्मेदार पहले ही बता चुके है कि दीपावली के पहले इन गड्ढों के दर्द से उन्हें राहत नहीं मिलने वाली है। यानी कि आगामी दो माह तक शहर की सड़कें बेहतर नहीं हो सकेगी। हां मरम्मत के नाम पर इन में चुरी और मुरम का मरहम लगाया जाएगा लेकिन अस्थाई तौर पर किए गए यह पेचवर्क कब तक टीके रहेंगे, इसका किसी को पता नहीं।

## कहीं सीवरेज तो कहीं कोई और परेशानी

शहर में कहीं सीवरेज का कार्य तो कहीं सड़कों के निर्माण कार्य के चलते लोगों को परेशानियां उठानी पड़ रही है। बारिश का समय होने के बाद भी जिम्मेदारों द्वारा बेहतर प्लानिंग नहीं किए जाने से यह सब हालात बने हैं। बीते दो-तीन सालों से लगातार यह परेशानी आमजन को झेलना पड़ रही है लेकिन जिम्मेदार है कि पहले के मामलों से सबक लेकर भी दुरुस्त नहीं हुए हैं।

## शहर में हर तरफ चल रहा काम

शहर में कहीं सड़कों का निर्माण तो कहीं सीवरेज खुदाई का कार्य चल रहा है। इनके अतिरिक्त कभी बिजली कंपनी तो कभी टेलीफोन कंपनियां सड़कों की बेतरतीब ढंग से खुदाई कर देती है और उन्हें फिर से मरम्मत करने के नाम पर लीपापोती कर कर चले जाते हैं। जिम्मेदारों द्वारा इस पर ध्यान नहीं देने के कारण अस्थाई तौर पर की गई यह मरम्मत जल्द ही उधड जाती है और लोगों को फिर से परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

पत्रिका
23-8-2021

**लंबे समय के बाद रतलाम प्रशासन गंभीर नजर आया** (15)

# 20 साल से अवैध कब्जा : 56 के लिए 15 दुकान साफ

**सिटी हैपनिंग**

**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
patrika.com 29-8-21

**रतलाम.** नगर निगम प्रशासक व कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने शहर के स्टेडियम मार्केट में इंदौर की तर्ज पर 56 दुकान बनाने की योजना बनाई है। इसके अंतर्गत शनिवार को अतिक्रमण करके बनाई गई 15 दुकानों को जेसीबी की मदद से साफ कर दिया गया। इतना ही नहीं, करीब 20 साल पूर्व के अवैध कब्जे भी हटाए गए। शहर में जैसे जैसे निगम की कार्रवाई की सूचना मिली, वैसे वैसे भीड़ इसको देखने आने लगी। जब अतिक्रमण में दुकाने साफ हुई, तब इस बात की जानकारी मिली की यह सभी दुकाने अवैध कब्जे करके बनाई गई थी।

शनिवार सुबह करीब 10 बजे नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, सिटी इंजीनियर जीके जायसवाल, उपयंत्री मनीष तिवारी आदि दो जेसीबी व पुलिस बल के साथ दो बत्ती से मित्र निवास रोड तक बन रहे सिटी फोरलेन वाले क्षेत्र में पहुंचे। यहां पर पूर्व में ही इन अवैध दुकानों को हटाने के लिए नोटिस जारी किया गया था। सामान हटाने के लिए कह दिया गया। कुछ दुकाने तो सुबह खुली भी नहीं थी, जब उनको सूचना मिली निगम का अमला अतिक्रमण हटाने आया है तब वे आए व अपनी दुकान का सामान हटाया।





## लोगों की भीड़ बनाती रही वीडियो

सिटी फोरलेन निर्माण में बाधक बन रही सड़क किनारे की 15 अवैध दुकानों को जेसीबी ने पलभर में ही ढ़हा दिया। इन दुकानों में लगे बिजली की मीटर निकालने में समय लग रहा था, इसके बाद निगम का अमला ही इस काम में लग गया व कुछ ही देर में सभी मीटर निकालकर बाहर कर दिए। निगम अमले द्वारा अतिक्रमण तोड़ने की कार्रवाई की सूचना शहर में जैसे ही मिली इसको देखने भारी भीड़ एकत्रित हो गई। बाद में पुलिस ने हस्तक्षेप किया व भीड़ का हटाया। भीड़ अपने मोबाइल से फोटो वीडियो बना रही थी। इस दौरान एक युवक शाकिर मोहम्मद जेसीबी की चपेट में आते आते बचा। करीब चार घंटे की कार्रवाई इस दौरान चली। बता दे कि इसी सप्ताह निगम, राजस्व व पुलिस के अमले ने नेता से गुंडा बने युवक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष संजय चौधरी द्वारा किए गए तीस साल पूर्व के अतिक्रमण को त्रिपोलिया गेट से जेसीबी की मदद से हटाया है। इसके बाद अब यह कार्रवाई की गई।



पत्रिका 29-8-2021

5

# गोगा नवमी के पूर्व सफाई संरक्षकों को 54.36 लाख का भुगतान

**रतलाम ● स्वदेश समाचार** 29-8-21

गोगा नवमी पर्व के पूर्व निगम के सफाई संरक्षकों को वेतन अग्रिम पेटे व त्योहार अग्रिम राशि का भुगतान किए जाने की सफाई कर्मचारी यूनियनों की मांग पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने 54.36 लाख की राशि का भुगतान किया जिससे कर्मचारियों में हर्ष व्याप्त है। निगम आयुक्त श्री झारिया द्वारा 151 स्थायी सफाई संरक्षक व 170 विनियमित (स्थायीकर्मी) सफाई संरक्षकों को 5000-5000 की राशि वेतन अग्रिम व 1000-1000 त्योहार अग्रिम तथा 198 गैंग सफाई संरक्षक, 92 मैजिक हेल्पर व 412 बदली सफाई संरक्षकों को 5000-5000 की राशि वेतन अग्रिम के रूप में भुगतान की इस तरह 1023 कर्मचारियों को कुल राशि रुपए 54.36 लाख की राशि का भुगतान किया गया।

29-8-2021

17

## अस्थायी पात्रता पर्ची के दस्तावेज 31 अगस्त तक जमा होंगे

रतलाम। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम अंतर्गत छूटे हुए गरीब परिवारों के ऐसे हितग्राही जिनको अस्थायी पात्रता पर्ची जारी की गई है, उन्हें स्थायी पात्रता पर्ची के लिए पात्रता संबंधी दस्तावेज एवं सभी सदस्यों के आधार नंबर स्थानीय निकायों को 31 अगस्त तक जमा कराना होंगे। दस्तावेज जमा नहीं होने पर स्थाई पर्ची नहीं मिलेगी।

नई दुनिया
29-8-2021

(6)

## सफाई कर्मचारियों ने कलेक्टर को मांगों से अवगत कराया

**रतलाम।** नगर निगम संयुक्त सफाई कर्मचारी संघर्ष समिति की 22, छह व नौ सूत्री मांगों के संबंध में शनिवार को कलेक्टर व निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम ने निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, निगम अधिकारी के साथ यूनियन के पदाधिकारियों से चर्चा की। कलेक्टर ने मांगों के संबंध में विधि सम्मत परीक्षण कर एक माह में प्रतिवेदन देने व आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। चर्चा के दौरान उपायुक्त विकास सोलंकी, सहायक आयुक्त ज्योति सुनारिया, कार्यपालन यंत्री सुरेशचंद्र व्यास, जीके जायसवाल, मोहम्मद हनीफ शेख, सहायक यंत्री श्याम सोनी, एमके जैन, लेखाधिकारी विजय बालोद्रा आदि उपस्थित थे।

नई दुनिया
29-8-2021

(2)

# शहर को झुग्गीमुक्त बनाएंगे, योजना का लाभ लेकर हितग्राही अच्छे मकान बनाएं

**मिली खुशियां** ● जिले के 388 हितग्राहियों को आवास के लिए मिले 2.62 करोड़ रुपये

रतलाम(नईदुनिया प्रतिनिधि)। विकास तभी सार्थक होगा जब इसमें गरीबों की पूरी सहभागिता होगी। शहरी गरीबों को रोटी, कपड़ा और मकान की मूलभूत सुविधाएं मिले। अन्न उत्सव में निःशुल्क अनाज के बाद आज एक लाख 29 हजार 292 शहरी हितग्राहियों को पक्की छत वाले मकान की सुविधा मिलने जा रही है। यह बात आवास योजना के हितग्राहियों को राशि जारी करते हुए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कही। वे खंडवा से राज्य स्तरीय प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के हितग्राहियों को नवीन आवास की सौगात, नए स्वीकृत आवासों का भूमि-पूजन और आवास निर्माण किश्त भुगतान के कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।



बरबड़ स्थित विधायक सभागार में उपस्थित जनप्रतिनिधि, अधिकारी और हितग्राही। ● नईदुनिया

रतलाम में बरबड़ स्थित विधायक सभागृह में आयोजित कार्यक्रम में विधायक चेतन्य काश्यप ने कहा कि शहर को झुग्गीमुक्त बनाया जाएगा। हितग्राही अपने मकान सुव्यवस्थित ढंग से बनाएं। उन्होंने सीएम का आभार व्यक्त कर हितग्राहियों को शुभकामनाएं दी। इस दौरान कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, निगमायुक्त सोमनाथ झारिया तथा हितग्राही उपस्थित रहे।

सीएम ने रतलाम जिले के 388 हितग्राहियों के बैंक खातों में 2 करोड़ 62 लाख रूपए की राशि दूसरी तथा तीसरी किस्त के रूप में जमा की। इनमें रतलाम शहर के 80 हितग्राहियों के खातों में 40 लाख 50 हजार रुपए, जावरा के 21 हितग्राहियों के खातों में 21 लाख, आलोट के 54 हितग्राहियों को 42 लाख, बड़ावदा के 45 हितग्राहियों को 44 लाख 50 हजार, नामली के 70 हितग्राहियों को 41 लाख 50 हजार, सैलाना के एक हितग्राही को एक लाख तथा धामनोद के 32 हितग्राहियों को 23 लाख रुपये का लाभ प्रदान किया गया।

नई दुनिया 29-8-2021

**संबोधन में कहा, एक भी गरीब को झोपड़ी में नहीं रहने देंगे**

# मुख्यमंत्री चौहान ने 388 हितग्राहियों को 2 करोड़ 62 लाख रुपए का लाभ दिया

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com 29-8-21



रतलाम. जिले के 388 हितग्राहियों के बैंक खातों में 2 करोड़ 62 लाख रुपए की राशि दूसरी तथा तीसरी किस्त के रूप में जमा की गई है। यह आयोजन शनिवार को हुआ जिसमे मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने भोपाल से डिजिटल रुप में सहभागिता की। इस दौरान शहर विधायक चेतन्य काश्यप ने कहा कि 2024 तक शहर को झुग्गी मुक्त करने का संकल्प लिया गया है।

मुख्यमंत्री चौहान ने इस दौरान कहा कि विकास तभी सार्थक होगा जब इसमें गरीबों की पूरी सहभागिता होगी। इस समावेशी विकास में शहरी गरीबों को पूरा लाभ मिले। शहर में बड़बड़ विधायक सभागृह में आयोजित कार्यक्रम में विधायक चैतन्य काश्यप, कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, निगमायुक्त सोमनाथ झारिया तथा हितग्राही उपस्थित थे। राज्य स्तरीय आयोजन द्वारा मुख्यमंत्री चौहान ने जिले के 388



हितग्राहियों के बैंक खातों में 2 करोड़ 62 लाख रूपए की राशि दूसरी तथा तीसरी किस्त के रूप में जमा की।

पत्रिका
29-8-2021

5

## शहर में बने भैंसों के तबेलों को तोड़ेगा नगर निगम

रतलाम। शहर में भैंसों के विचरण को रोकने के लिए नगर निगम द्वारा निगम सीमा क्षेत्र में बने भैंसो के तबेलों का सर्वे कर संचालकों को तबेले हटाने की चेतावनी दी है। इसके बाद तबेलों को तोड़ा जाएगा। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि शहर में स्थित अवैध रूप से संचालित सभी तबेलों का सर्वे नगर निगम द्वारा कराया जा चुका है। शहरी क्षेत्र में भैंसों का पालन करना निगम एक्ट के विपरित है, ऐसे भैंस पालक जो कि शहरी क्षेत्र में अनुमति के विपरित तबेले का निर्माण कर भैंसो का पालन कर रहे हैं वे स्वंय अपने तबेलों को हटाकर शहर से बाहर ले जाएं। ऐसा न करने पर निगम द्वारा उन्हें तोड़ा जाकर राशि वसूल की जाएगी।

नई दुनिया
29.8.2021

(11)

# इंदौर की 56 दुकान की तर्ज पर बनने वाले मार्केट के लिए अतिक्रमण हटाया



रतलाम । लोकेंद्र भवन के सामने इंदौर की 56 दुकान की तर्ज पर मार्केट बनाने की प्लानिंग जिला और नगर निगम प्रशासन की है। इसको लेकर शनिवार सुबह जिला प्रशासन एवं नगर निगम का संयुक्त अमला यहां पहुंचा और अतिक्रमण हटाया। यहां अस्थायी अतिक्रमण कर रहे लोगों के साथ ही शेड बनाकर कब्जा करने वाले लोगों को भी हटाया गया। यहीं फोरलेन भी बन रहा है। इससे निगम पहले ही यहां रह रहे लोगों को नोटिस जारी कर चुका है। शनिवार को इन्हें सख्ती से हटाया गया। पांच परिवार के साथ ही शेड बनाकर कब्जा करने वालों को भी यहां से हटाया गया। गौरतलब है कि यहां इंदौर की 56 दुकान की तर्ज पर फूड जोने बनाने की प्लानिंग है। इसके तहत इन्हें हटाया गया है ताकि आगे की कार्रवाई की जा सके।

दै. भास्कर 29 8 2021

# लोकेंद्र भवन मार्ग पर हटाए पुरानी सब्जी मंडी के अवैध कब्जे

## विकास की राह : इंदौर के छप्पन दुकान की तर्ज पर शहर में भी बनेगा फूड प्लाजा

**रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)।** शहर में लोकेंद्र भवन मार्ग स्थित पुरानी सब्जी मंडी के स्थान पर इंदौर की 56 दुकान की तर्ज पर फूड प्लाजा बनाए जाने की तैयारी हो गई है। शनिवार को नगर निगम अमले ने सब्जी मंडी के ओटले, स्टेडियम मार्केट में बनी दुकानों के बाहर बने शेड व अन्य निर्माण तोड़ दिए।

मालूम हो कि वर्ष 1985 में नगर निगम ने यहां सात बाय सात वर्गफीट में 35 ओटले बनाकर सब्जी विक्रेताओं को 5000 रुपये प्रति ओटले की प्रीमियम के मान से दिए थे। इसके साथ ही 40 रुपये प्रतिमाह किराया भी तय किया था। आवंटन के बाद से इक्का-दुक्का ने ही प्रीमियम की राशि में एक से दो हजार रुपये जमा किए। वर्षों से किराया भी जमा नहीं किया था और कुछ ने ओटले दो से चार हजार रुपये प्रतिमाह के मान से ओटले किराये पर दे दिए थे।



लोकेंद्र भवन मार्ग पर अवैध निर्माण जमीदोज करती हुई जेसीबी। • नईदुनिया

### दुकानदारों ने विरोध किया

शनिवार सुबह करीब नौ बजे से कार्रवाई शुरू की गई। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, कार्यपालन यंत्री जीके जायसवाल, उपयंत्री मनीष तिवारी, सहायक राजस्व निरीक्षक सुनील कपूर सहित अन्य अमले की मौजूदगी में शाम चार बजे तक सभी ओटले, शेड हटा दिए। स्टेडियम मार्केट की दुकानों के आगे खाली जगह में भी जमकर अतिक्रमण किया गया था। कार्रवाई के दौरान कुछ दुकानदारों ने अचानक तोड़फोड़ करने का विरोध किया, लेकिन कार्रवाई जारी रही। इस दौरान पुलिस बल भी तैनात रहा। लोकेंद्र भवन मार्ग पर मूर्ति बनाने वालों को गणेश चतुर्थी तक पीछे के हिस्से में जगह दी गई है।

### कंसल्टेंट की नियुक्ति होगी

इंदौर में 56 दुकान परिसर को ध्यान में रखते हुए शहरवासियों के लिए नए फूड जोन को बनाने के लिए निगम द्वारा कंसल्टेंट नियुक्त कर पार्किंग, दुकान व बैठक व्यवस्था को लेकर नक्शा बनवाने के बाद निर्माण शुरू होगा। निर्माण इस तरह से किया जाएगा कि फोरलेन पर आवागमन प्रभावित नहीं हो। पार्किंग के लिए जगह कम पड़ने पर पोलोग्राउंड से लगे खाली मैदान की कुछ जगह ली जा सकती है।

> -फूड पार्क निर्माण की योजना में पुरानी सब्जी मंडी के ओटले व आसपास बनी दुकानों के अतिक्रमण हटाए हैं।
> -सोमनाथ झारिया, निगमायुक्त

नई दुनिया
29 8 2021

(8)

# जन्माष्टमी पर पशु वध करना, मटन विक्रय प्रतिबंधित

रतलाम ● श्रीकृष्ण जन्माष्टमी 30 अगस्त पर नगर सीमा में स्थित समस्त पशु वध गृह एवं मांस विक्रय की दुकानों पर पशु वध करना, मटन, गौशत विक्रय करना अथवा बेचना निषेध किया गया है। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने संबंधित स्वच्छता निरीक्षकों को निर्देशित किया है कि उक्त दिवसों को पशु वध करते या मटन गौश्त विक्रय करते पाया जाए तो संबंधित के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाए।

# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर पशु वध करना, मटन विक्रय प्रतिबंधित

रतलाम। मध्यप्रदेश शासन के आदेशानुसार 30 अगस्त श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर नगर सीमा में स्थित समस्त पशु वध गृह एवं मांस विक्रय की दुकानों पर पशुवध करना, मटन, गौशत विक्रय करना अथवा बेचना निषेध किया गया है। निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने संबंधित स्वच्छता निरीक्षकों को निर्देशित किया है कि उक्त दिवसों को पशु वध करते या मटन गौश्त विक्रय करते पाया जाये तो संबंधित के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाये।

# 30 अगस्त श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर पशु वध करना, मटन विक्रय प्रतिबंधित

रतलाम। मध्यप्रदेश शासन के आदेशानुसार 30 अगस्त श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर नगर सीमा में स्थित समस्त पशु वध गृह एवं मांस विक्रय की दुकानों पर पशुवध करना, मटन, गौशत विक्रय करना अथवा बेचना निषेध किया गया है।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने संबंधित स्वच्छता निरीक्षकों को निर्देशित किया है कि उक्त दिवसों को पशु वध करते या मटन गौश्त विक्रय करते पाया जाये तो संबंधित के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाये।

## कचरा पात्र नहीं रखने पर 4 व्यक्तियों पर जुर्माना

रतलाम ● नगर में ऐसे दुकानदार व नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर शहर को गंदा करते हैं उन पर लगाम लगाने हेतु संबंधितों पर स्पॉट फाईन की कार्यवाही की जा रही है जिसके तहत 4 व्यक्तियों पर जुर्माना किया गया। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्वास्थ्य अधिकारी व झोन प्रभारी द्वारा खुले में गंदगी करने पर अरशद राम मंदिर पर 2000, वीर, बलराज अशोक राम मंदिर पर 250-250 रुपए का स्पॉट फाईन कर भविष्य में गंदगी ना करने की समझाईश दी।

29.8.2021

## खुले में गंदगी करने पात्र नही रखने पर 4 व्यक्तियों पर जुर्माना

रतलाम। कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम कुमार पुरूषोत्तम के निर्देशानुसार नगर में ऐसे दुकानदार व नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर शहर को गंदा करते हैं उन पर लगाम लगाने हेतु संबंधितों पर स्पॉट फाईन की कार्यवाही की जा रही है जिसके तहत 4 व्यक्तियों पर जुर्माना किया गया। निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्वास्थ्य अधिकारी व झोन प्रभारी द्वारा खुले में गंदगी करने पर अरशद राम मंदिर पर 2000, वीर, बलराज अशोक राम मंदिर पर 250-250 रूपये का स्पॉट फाईन कर भविष्य में गंदगी ना करने की समझाईश दी। स्पॉट फाईन की कार्यवाही स्वास्थ्य अधिकारी श्री ए.पी. सिंह, झोन प्रभारी श्री विनय चौहान द्वारा की गई।

इन्दौर समाचार 29.8.2021

## खुले में गंदगी करने व कचरा पात्र नहीं रखने पर 4 व्यक्तियों पर जुर्माना

रतलाम। कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम कुमार पुरूषोतम के निर्देशानुसार नगर में ऐसे दुकानदार व नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर शहर को गंदा करते हैं उन पर लगाम लगाने हेतु संबंधितों पर स्पॉट फाईन की कार्यवाही की जा रही है जिसके तहत 27 अगस्त को 4 व्यक्तियों पर जुर्माना किया गया।

निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्वास्थ्य अधिकारी व झोन प्रभारी द्वारा खुले में गंदगी करने पर अरशद राम मंदिर पर 2000, वीर, बलराज अशोक राम मंदिर पर 250-250 रूपये

(12)

# निगम ने तोड़ा अवैध अतिक्रमण, फूड पार्क की तैयारी शुरू



**रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क** 29-8-21

लोकेन्द्र भवन के सामने बनने वाले फुड पार्क निर्माण को लेकर तैयारियों शुरु हो गई है। शनिवार को निगम अमले ने लोकेन्द्र भवन के सामने बनी सब्जी वालों, मुर्तिकारों और अन्य लोगो के कब्जे हटाए।

वहीं स्टेडियम मार्केट की बनी हुई दुकानों के बाहर अतिरिक्त अतिक्रमण करने वालों के अतिकमण को जमीदोंज किया। इस दौरान बड़ी संख्या में निगम और पुलिस का अमला मौजूद था। गौरतलब है कि लोकेन्द्र भवन के सामने इंदौर की तर्ज पर ५६ दुकान जैसे फुड पार्क निर्मित किया जाएगा। जिसको लेकर ड्राईंग तैयार की जा रही है।

राजन्यूजनेटवर्क 29-8-2021

**सौगात** कलेक्टर की पहल पर रतलाम में इंदौर की 56 दुकान की तर्ज पर विकसित होगा फूड पार्क

# फूड जोन के लिए स्टेडियम मार्केट से हटाया अतिक्रमण

पीपुल्स संवाददाता ● रतलाम

मो.नं. 9826486291

29-8-21

फूड जोन के लिए शहर के स्टेडियम मार्केट क्षेत्र में शनिवार को नगर निगम और प्रशासन की संयुक्त टीम ने अतिक्रमण हटाने कार्रवाई की। स्टेडियम मार्केट क्षेत्र स्थित पुरानी सब्जी मंडी की दुकानों को हटाकर यहां इंदौर की 56 दुकान की तर्ज पर फूड जोन विकसित करने के लिए प्रशासन ने अवैध कब्जे पर कार्रवाई की है।

नगर निगम ने एक माह पूर्व ही नोटिस जारी कर अतिक्रमण हटाने के निर्देश दुकानदारों को दिए गए थे। उसके बाद शनिवार को नगर निगम की टीम एवं जिला प्रशासन के अधिकारियों की निगरानी में यहां पर करीब 35 दुकानों का अतिक्रमण हटाया गया है।



कलेक्टर और निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम ने निरीक्षण के दौरान स्टेडियम मार्केट के पास पुरानी सब्जी मंडी की जगह नवीन फूड जोन विकसित किए जाने का प्रोजेक्ट बनाने के निर्देश निगम अधिकारियों को दिए थे। इसके बाद इस प्रोजेक्ट के लिए करीब 35 दुकानों पर अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई निगम और प्रशासन की संयुक्त टीम ने की है।

गौरतलब है कि कॉन्वेंट तिराहे से दो बत्ती चौराहे तक बन रहे फोरलेन रोड पर ही यह फूड पार्क विकसित किया जाएगा, जो इंदौर के 56 दुकान मार्केट की तर्ज पर बनेगा, जिससे शहर के बीचोबीच स्थित इस क्षेत्र में सुंदर फूड जोन विकसित होने के साथ लोगों को रोजगार भी मिल सकेगा। बहरहाल, स्टेडियम मार्केट क्षेत्र के अतिक्रमण को हटाने के साथ फूड जोन विकसित किए जाने हैं। प्रोजेक्ट की शुरुआत जल्द ही की जाएगी।

पीपुल्स समाचार

29-8-2021

15

## डेंगू की फिक्र : लार्वा के साथ फीवर सर्वे की जानकारी दी



रतलाम | जिले में डेंगू के केस लगातार बढ़ रहे हैं। डेंगू की पहचान के लिए शनिवार को आशा कार्यकर्ताओं को ट्रेनिंग दी। शहरी व ग्रामीण क्षेत्र की कार्यकर्ताओं को मलेरिया व डेंगू बीमारी से बचाव, जांच, उपचार के लिए प्रशिक्षण दिया। लारवा सर्वे, फीवर सर्वे, सर्विलेंस सामग्री सहित अन्य जानकारियां भी दी।

दै० भास्कर 29-8-2021

2 नईदुनिया
इंदौर, रविवार 29 अगस्त, 2021
रतलाम

# अब मेडिकल कालेज में किया जाएगा डेंगू का उपचार

रतलाम(नईदुनिया प्रतिनिधि)। जिले में डेंगू के मामले बढ़ने से अब उपचार को लेकर इंतजाम बेहतर किए जा रहे हैं। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने डेंगू मरीजों के उपचार की व्यवस्था शासकीय मेडिकल कालेज में की है।

जिले में स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा लिए गए सैंपलों की जांच में 181 मरीज मिल चुके हैं, जबकि निजी अस्पतालों में उपचार करा रहे मरीजों की संख्या अलग है। डेंगू के कारण ब्लड बैंक पर प्लेटलेट्स की मांग भी बढ़ गई है।

मेडिकल कालेज डीन डा. जितेंद्र गुप्ता ने बताया कि डेंगू मरीजों के उपचार के लिए पृथक से वार्ड तैयार किया गया है। स्त्री-पुरुष मरीजों के लिए अलग-अलग भर्ती व्यवस्था की गई है। पैरामेडिकल स्टाफ तैनात कर दवाइयों की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। सोमवार से मरीजो को भर्ती भी किया जा सकेगा। इधर शहर के सभी वार्डों में सर्वे शुरू हो गया है। पानी जमा होने वाले स्थानों पर कीटनाशक का छिड़काव भी किया जा रहा है।

**मैदानी अमले को दे रहे ट्रेनिंग:** स्वास्थ्य विभाग द्वारा मैदानी अमले को डेंगू व मलेरिया से बचाव, जांच का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। शनिवार को रतलाम क्षेत्र की शहरी आशा और रतलाम ग्रामीण की आशा कार्यकर्ता को प्रशिक्षण दिया गया प्रशिक्षण के दौरान उन्हें लार्वा सर्वे, फीवर सर्वे, सर्विलेंस सामग्री सहित अन्य जानकारियां भी दी गई।

नईदुनिया 29-8-2021

# 45+ के 98.41% व 18+ के 85.92% को लगे टीके

## अच्छी खबर : शहर में 90.67% को लगी वैक्सीन, शनिवार को जिले में 13072 लोगों का टीकाकरण

भास्कर संवाददाता | रतलाम

29-8-21

हमारे जिले में टीकाकरण ने तेजी से रफ्तार पकड़ी है। रतलाम शहर अब तक 90.67% वैक्सीनेटेड हो चुका है। 45+ के 98.41% लोगों ने वैक्सीन लगवा ली है, वहीं 18+ के 85.92% लोग वैक्सीनेटेड हो गए हैं, जो अच्छी बात है। शनिवार को जिले में 13072 लोगों का वैक्सीनेशन किया गया। सभी केंद्रों पर 100 प्रतिशत से ज्यादा वैक्सीनेशन हुआ है। अब रविवार को अवकाश होने के कारण टीके नहीं लगेंगे।

कोरोना की दूसरी लहर के बाद टीकाकरण ने रफ्तार पकड़ी है। पिछले दो महीने से तेजी से टीकाकरण हो रहा है। असर यह है कि अब रतलाम जिला 70.12% वैक्सीनेटेड हो गया है। जिले में कुल 11.20 लाख लोगों को टीके लगने हैं, इसमें से 7.85 लोगों ने पहला डोज लगवा लिया है। हालांकि, दूसरे डोज में अभी हम बहुत पीछे है। जिले में 7.85 लाख लोगों में से 1.50 लाख लोगों ने ही दूसरा डोज लगवाया है यानी 19.20 प्रतिशत। पहले और दूसरे डोज के बीच अंतर का कारण समय सीमा है क्योंकि दो महीने में ज्यादातर लोगों को कोविशील्ड के टीके लगे हैं।

### हेल्थ केयर वर्कर भी 100% वैक्सीनेटेड

जिले में अब सभी हेल्थ केयर वर्कर को कोरोना के टीके लग गए हैं। पहले कुछ हेल्थ केयर वर्कर टीकाकरण से छूट गए थे। अब उन्होंने भी टीके लगवा लिए हैं। जबकि फ्रंटलाइन वर्कर पहले से ही 100% वैक्सीनेटेड हो चुके हैं।

### शनिवार को कहां कितना वैक्सीनेशन

| स्थान | डोज | प्रतिशत |
|---|---|---|
| आलोट | 3139 | 104.63% |
| बाजना | 1074 | 107.40% |
| सैलाना | 1050 | 105.00% |
| जावरा | 2230 | 111.50% |
| पिपलौदा | 1581 | 105.40% |
| ग्रामीण | 1639 | 109.27% |
| शहर | 2355 | 109.53% |

**2169 लोगों ने स्पूतनिक-वी टीका लगवाया :** जिले में स्पूतनिक-वी का डोज भी लग रहा है। हालांकि ये निजी अस्पताल में सशुल्क लगाया जा रहा है। अब तक 2169 लोगों ने स्पूतनिक-वी का टीका लगवाया है।

दै० भास्कर 29-8-2021

(3)

# मध्यप्रदेश में कोई भी गरीब बिना छत के नहीं रहेगा: शिवराज सिंह



- सीएम ने खंडवा से पीएम आवास योजना (शहरी) के हितग्राहियों को किया संबोधित
- 79,039 हितग्राहियों के खातों में 627 करोड़ की सहायता राशि ट्रांसफर कर आवासों का भूमि-पूजन किया

खंडवा, (आरएनएन)। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शहरी गरीब भाई-बहनों को मकान की सौगात देते हुए शनिवार को कहा कि वे ऐसे सभी भाई बहनों को आश्वस्त करना चाहते हैं कि प्रदेश में कोई भी गरीब बिना छत के नहीं रहेगा।

श्री चौहान ने शनिवार को खंडवा से प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के 79,039 हितग्राहियों के खातों में 627 करोड़ रुपए की सहायता राशि अंतरित और 50,253 आवासों का भूमि-पूजन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आशीर्वाद से आज एक लाख 29 हजार शहरी गरीब भाइयों-बहनों को मकान की सौगात मिल रही है। वे प्रदेश के ऐसे सभी भाइयों-बहनों को आश्वस्त करना चाहते हैं कि मध्यप्रदेश में कोई भी गरीब बिना छत के नहीं रहेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि गरीबों को भी जीने का हक और मुस्कुराने का अधिकार है। ये धरती उनकी भी है। यह संसाधन भी उनके है, ये जमीनें, ये जंगल, ये खदानें में सबका हक है। इसलिए जरूरी है कि गरीबों को भी विकास में पूरा हक दिया जाए। उन्होंने कहा कि खंडवा के इस रवींद्र भवन का नाम किशोर दा के नाम पर रखा जाएगा। ये टंट्या मामा की भी भूमि है और हमने यहां स्मारक बनाया। आजादी का अमृत महोत्सव का एक भव्य कार्यक्रम टंट्या मामा की जन्मभूमि पर मनाया जाएगा। उनके नाम पर स्मारक को भव्य स्वरुप प्रदान किया जाएगा। राज

राजएक्सप्रेस 29-8-2021

# सीएम ने किया क्लिक, हितग्राहियों के खातों में पहुंचे 627 करोड़ रुपये

29-8-21

खंडवा (नईदुनिया प्रतिनिधि)। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के एक लाख 29 हजार 292 हितग्राहियों के खातों में शनिवार को मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने एक क्लिक के माध्यम से 627 करोड़ रुपये आनलाइन ट्रांसफर किए। मुख्यमंत्री हेलीकाप्टर से दोपहर 12:30 बजे खंडवा पहुंचे। सबसे पहले हरसूद रोड पर 19 करोड़ 54 लाख रुपये की लागत वाले रवींद्र भवन का लोकार्पण किया। यहां सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। उन्होंने कहा कि यह भवन अब किशोर कुमार के नाम से जाना जाएगा। इसी भवन में उन्होंने जोबट, खुरई, पृथ्वीपुर और बैरासिया के हितग्राहियों से आनलाइन चर्चा कर उन्हें पीएम आवास योजना के लाभ पर बधाई दी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि 2024 तक हर गरीब का पक्का घर होगा, जिनके पास जमीन नहीं है उन्हें पट्टा देकर घर बनवाएंगे।



खंडवा में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान। ● नईदुनिया

### खंडवा में सौगातें

- गायक किशोर कुमार के नाम से जाना जाएगा नवनिर्मित रवींद्र भवन
- नंदकुमार सिंह चौहान चिकित्सा महाविद्यालय सह अस्पताल की नाम पट्टिका का लोकार्पण
- दो अक्सीजन उत्सर्जन प्लांट का भूमिपूजन, बच्चों के कोविड अस्पताल का लोकार्पण

### घोषणाएं और भूमिपूजन

- प्रदेशभर के शहरों के विकास के लिए 44 हजार करोड़ रुपये लगाए जाएंगे।
- छठी से आठवीं तक की कक्षाएं 50 प्रतिशत विद्यार्थियों की उपस्थिति के साथ एक सितंबर से खोली जाएंगी।
- खंडवा जिले के विकास के लिए 515 करोड़ की योजना तैयार की गई है।
- चारखेड़ा से खंडवा तक बिछी नर्मदा जल योजना की पाइपलाइन बदलेंगे।
- 10 करोड़ रुपये की लागत से बिछने वाली सुक्ता जल प्रदाय योजना की पाइपलाइन का भूमिपूजन।
- 50 हजार 253 हितग्राहियों के आवास निर्माण का भूमिपूजन किया।
- शहीद टंट्या मामा स्मारक को भव्य स्वरूप दिए जाने की घोषणा।

प्रदेश की संस्कृति मंत्री उषा ठाकुर ने मंच से मांग रखी कि संत सिंगाजी महाराज पर सृजनपीठ की स्थापना की जाए।

इंदिरा सागर बांध के खाली होने पर मुख्यमंत्री ने चिंता जताई। सिंगाजी प्लांट में कोयले की कमी को दूर करने की बात कही।

मुख्यमंत्री ने खंडवा के चार हितग्राहियों को पीएम आवास योजना के तहत मकान की चाबी भी भेंट की। कार्यक्रम के बाद शिवराज जिला अस्पताल में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे। यहां उन्होंने नंदकुमार सिंह चौहान चिकित्सा महाविद्यालय सह अस्पताल की नाम पट्टिका का लोकार्पण किया। दो अक्सीजन उत्सर्जन प्लांट का भूमिपूजन भी किया। यहां 20 बिस्तरों वाले बच्चों के कोविड हास्पिटल का लोकार्पण कर अवलोकन किया। वनमंत्री विजय शाह की मांग पर उन्होंने कहा कि अब रवींद्र भवन को अब किशोर कुमार के नाम से जाना जाएगा। सीएम ने किशोरकुमार के गीत के बोल 'रुक जाना नहीं तू कहीं हार के...' गुनगुनाया। उन्होंने कहा कि निराश होने पर मैं यह गीत अक्सर गुनगुनाता हूं। इस मौके पर संस्कृति मंत्री उषा ठाकुर, विधायक देवेंद्र वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष सेवादास पटेल सहित अन्य भाजपा नेता उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री खंडवा में करीब साढ़े चार घंटे रहे।

नई दुनिया
29-8-2021

16

# फूड जोन के लिए स्टेडियम मार्केट से हटाया अतिक्रमण

रतलाम » दबंग रिपोर्टर

29-8-21

## इंदौर की 56 दुकान की तर्ज पर विकसित होगा फूड जोन



फूड जोन के लिए शहर के स्टेडियम मार्केट क्षेत्र में शनिवार को नगर निगम और प्रशासन की संयुक्त टीम ने अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की ।

स्टेडियम मार्केट क्षेत्र स्थित पुरानी सब्जी मंडी की दुकानों को हटाकर यहां इंदौर की 56 दुकानों की तर्ज पर फूड जोन विकसित करने के लिए प्रशासन ने अवैध कब्जे पर कार्रवाई की है। नगर निगम द्वारा 1 माह पूर्व ही नोटिस जारी कर अतिक्रमण हटाने के निर्देश दुकानदारों को दिए गए थे। शनिवार को नगर निगम की टीम एवं जिला प्रशासन के अधिकारियों की निगरानी में यहां पर करीब 35 दुकानों का अतिक्रमण हटाया गया है। कलेक्टर और नगर निगम के प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम निरीक्षण के दौरान स्टेडियम मार्केट के पास पुरानी सब्जी मंडी की जगह नवीन फूड जोन विकसित किए जाने का प्रोजेक्ट बनाने के निर्देश निगम अधिकारियों को दिए थे। इस प्रोजेक्ट के लिए करीब 35 दुकानों पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई नगर निगम और प्रशासन की संयुक्त टीम ने की है।

गौरतलब है कि कॉन्वेंट तिराहे से दो बत्ती चौराहे तक बन रहे फोरलेन रोड़ पर ही यह फूड पार्क विकसित किया जाएगा, जो इंदौर के 56 मार्केट की तर्ज पर बनेगा। इससे शहर के बीचोबीच स्थित इस क्षेत्र में सुंदर फूड जोन विकसित होने के साथ लोगों को रोजगार भी मिल सकेगा। बहरहाल स्टेडियम मार्केट क्षेत्र के अतिक्रमण को हटाने के साथ फूड जोन विकसित किए जाने है। प्रोजेक्ट की शुरूआत जल्द ही की जाएगी।

दबंग दुनिया 29-8-2021



# स्टेडियम मार्केट में हटाया अतिक्रमण

## स्टेडियम मार्केट क्षेत्र में प्रशासन और नगर निगम ने हटाया अतिक्रमण, इंदौर की 56 दुकानों की तर्ज पर फूड जोन बनाने की है योजना

रतलाम। स्टेडियम मार्केट क्षेत्र में आज नगर निगम और प्रशासन की संयुक्त टीम ने अतिक्रमण हटाने की मुहिम शुरू की है। स्टेडियम मार्केट क्षेत्र स्थित पुरानी सब्जी मंडी की दुकानों को हटाकर यहां इंदौर की 56 दुकानों की तर्ज पर फूड जोन विकसित करने के लिए आज प्रशासन ने अवैध कब्जे पर कार्रवाई की है। नगर निगम द्वारा 1 माह पूर्व ही नोटिस जारी कर अतिक्रमण हटाने के निर्देश दुकानदारों को दिए गए थे। उसके बाद आज नगर निगम की टीम एवं जिला प्रशासन के अधिकारियों की निगरानी में यहां पर करीब 35 दुकानों का अतिक्रमण हटाया गया है।

रतलाम कलेक्टर और नगर निगम के प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम निरीक्षण के दौरान स्टेडियम मार्केट के पास पुरानी सब्जी मंडी की जगह नवीन फूड जोन विकसित किए जाने का प्रोजेक्ट बनाने के निर्देश निगम अधिकारियों को दिए थे। जिसके बाद इस प्रोजेक्ट के लिए करीब 35 दुकानों पर अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई आज नगर निगम और प्रशासन की संयुक्त टीम ने की है।

गौरतलब है कि कॉन्वेंट तिराहे से दो बत्ती चौराहे तक बन रहे फोरलेन रोड़ पर ही यह फूड पार्क विकसित किया जाएगा। जो इंदौर के 56 मार्केट की तर्ज पर बनेगा। जिससे शहर के बीचोबीच स्थित इस क्षेत्र में सुंदर फूड जोन विकसित होने के साथ लोगों को रोजगार भी मिल सकेगा।

बहरहाल स्टेडियम मार्केट क्षेत्र के अतिक्रमण को हटाने के साथ फूड जोन विकसित किए जाने हैं प्रोजेक्ट की शुरुआत जल्द ही की जाएगी। इन्दौर समाचार

इन्दौर समाचार
29-8-2021

(1)

## हितग्राहियों से आज संवाद करेंगे मुख्यमंत्री

भोपाल (नईदुनिया स्टेट ब्यूरो)। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान रविवार को दोपहर एक बजे से बालाघाट में पीएम स्वनिधि योजना के हितग्राहियों को ऋण वितरण कर उनसे संवाद करेंगे। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेंद्र सिंह और सभी नगरीय निकाय इस कार्यक्रम में वर्चुअली जुड़ेंगे।

मंत्री भूपेंद्र सिंह ने बताया कि पीएम स्वनिधि योजना के प्रथम चरण में चार लाख दो हजार शहरी पथ विक्रेताओं को ऋण वितरित करने का लक्ष्य है। अभी तक तीन लाख 50 हजार हितग्राहियों को लाभान्वित कर प्रदेश, देश में द्वितीय स्थान पर है। प्रदेश में छह लाख 72 हजार शहरी पथ विक्रेताओं को पहचान-पत्र जारी किए गए हैं।

नईदुनिया
29-8-2021


## मुख्यमंत्री आज बालाघाट से करेंगे पीएम स्वनिधि के हितग्राहियों से संवाद

भोपाल ● मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान 29 अगस्त को दोपहर एक बजे से बालाघाट में पीएम स्वनिधि योजना के हितग्राहियों को ऋण वितरण कर उनसे संवाद भी करेंगे। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेन्द्र सिंह कार्यक्रम में वर्चुअली शामिल होंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान के उद्बोधन एवं संवाद का प्रसारण वेबकॉस्ट लिंक के माध्यम से विभिन्न सोशल मीडिया के प्लेटफार्म, टी.वी. न्यूज चैनल्स और दूरदर्शन पर किया जाएगा। कार्यक्रम में सभी मंत्री, सांसद, विधायक एवं अन्य जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया गया है। सभी नगरीय निकाय इस कार्यक्रम में वर्चुअली जुड़ेंगे। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेन्द्र सिंह ने बताया है कि पीएम स्वनिधि योजना के प्रथम चरण एक जुलाई 2020 से मार्च 2022 तक कुल 4 लाख 2 हजार शहरी पथ विक्रेताओं को ऋण वितरित करने के लक्ष्य के विरुद्ध 3 लाख 50 हजार हितग्राहियों को लाभान्वित कर प्रदेश देश में द्वितीय स्थान पर है। प्रदेश में 6 लाख 72 हजार शहरी पथ विक्रेताओं को पहचान-पत्र जारी किए गए हैं। इनमें से 5 लाख 4 1 हजार के आवेदन बैंक में प्रस्तुत कर दिए गए हैं।

स्वदेश 29-8-2021

# मुख्यमंत्री आज बालाघाट से करेंगे पीएम स्वनिधि के हितग्राहियों से संवाद

## शहरी पथ विक्रेताओं को करेंगे योजना के द्वितीय चरण का ऋण वितरण



भोपाल, (प्रसं)। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान रविवार, 29 अगस्त को दोपहर एक बजे से बालाघाट में पीएम स्वनिधि योजना के हितग्राहियों को ऋण वितरण कर उनसे संवाद भी करेंगे। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेंद्र सिंह कार्यक्रम में वर्चुअली शामिल होंगे।

मुख्यमंत्री श्री चौहान के उद्बोधन एवं संवाद का प्रसारण वेबकॉस्ट लिंक के माध्यम से विभिन्न सोशल मीडिया के प्लेटफार्म, टीवी न्यू चैनल्स और दूरदर्शन पर किया जाएगा। कार्यक्रम में सभी मंत्री, सांसद, विधायक एवं अन्य जन-प्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया गया है। सभी नगरीय निकाय इस कार्यक्रम में वर्चुअली जुड़ेंगे। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेंद्र सिंह ने बताया है कि पीएम स्वनिधि योजना के प्रथम चरण एक जुलाई 2020 से मार्च 2022 तक कुल चार लाख 2,000 शहरी पथ विक्रेताओं को ऋण वितरित करने के लक्ष्य के विरुद्ध तीन लाख 50 हजार हितग्राहियों को लाभान्वित कर प्रदेश देश में द्वितीय स्थान पर है। प्रदेश में 6 लाख 72 हजार शहरी पथ विक्रताओं को पहचान-पत्र जारी किए गए हैं। इनमें से पांच लाख 41 हजार के आवेदन बैंक में प्रस्तुत कर दिए गए हैं। योजना के प्रथम चरण में 12 मार्च 2021 तक तीन लाख हितग्राहियों को 10 हजार प्रति हितग्राही के मान से 300 करोड़ रुपए के ऋण वितरित किए गए थे। इसके बाद अभी तक 50 हजार नवीन शहरी पथ विक्रेताओं को 10 हजार रुपए के मान से 50 करोड़ के ऋण वितरित किए गए हैं।

### डिजिटल पेमेंट करने पर 11 लाख का केशबैक

डिजिटल ट्रांजेक्शन के माध्यम से क्रय-विक्रय करने वाले पथ विक्रेताओं को लगभग 11 लाख रुपएका केशबैक अभी तक प्राप्त हो चुका है। डिजिटल पेमेंट को प्रोत्साहित करने के लिए डिजिटल ट्रांजेक्शन करने वाले पथ विक्रेताओं को 100 रुपए का कैशबैक प्रतिमाह प्राप्त होता है।

### योजना के द्वितीय चरण के क्रियान्वयन में मध्यप्रदेश अव्वल

पीएम स्वनिधि योजना का द्वितीय चरण 18 अगस्त 2021 से शुरू किया गया है। योजना में प्रथम चरण के शहरी पथ विक्रेता, जो 10 हजार रुपए का ऋण पूरी तरह चुका देते है, वे 20 हजार रुपए के ऋण के पात्र हो जाते हैं। प्रदेश में इस चरण में 600 पथ विक्रेताओं को 20-20 हजार रुपए का ऋण वितरित किया गया है। जबकि पूरे देश में मात्र 1200 हितग्राहियों को ऋण वितरित किए गए हैं। इस तरह से पीएम स्वनिधि द्वितीय चरण के क्रियान्वयन में मध्यप्रदेश देश में प्रथम स्थान पर है।

राजएक्सप्रेस
29-8-2021